## खबर संक्षेप

### महाराजपुर में दो बाइकों की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर



**मण्डला।** महाराजपुर क्षेत्र में शनिवार की दोपहर साईनाथ पंप के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां दो बाइकों की आमने-सामने से इतनी भीषण टक्कर हुई कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइक सवार तेज रफ्तार में आ रहे थे और अचानक आमने-सामने से टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही महाराजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति गंभीर बताई। बताया जा रहा है कि दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर ट्रैफिक भी प्रभावित रहा। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं और मोड़ के पास दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर गति सीमा के संकेतक बोर्ड लगाने और दुर्घटनास्थल पर चेतावनी संकेत बढ़ाने की मांग की है। समाजसेवी शिखा श्रीवास्तव ने बताया कि यहां आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएं होती है यह घटना मेरे सामने ही हुई जिसमें दोनों बाइक सवार तेज गति से आपस में भीड़ गए। मेरे द्वारा तत्काल थाने में सूचना दी गयी।

### विभिन्न विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आगामी संभागीय समीक्षा बैठक और अपर मुख्य सचिव की बैठक की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में बैठक ली। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के लिए सभी तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं ताकि बैठक सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### ठेकेदारों की मनमानी, जगह-जगह पहुंचा के दी जा रही शराब

# क्यों नहीं दिखती गली-गली बिकती शराब





*** आबकारी विभाग तो सिर्फ पैसा कमाने में लगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बम्हनीबंजर

*जिस जिम्मेदार विभाग पर शराब के वैध विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण जबावदारी होती है यदि वही विभाग सिर्फ पैसे कमाने के चक्कर में एक ओर शराब ठेकेदारों का सहयोग करने लग जाये और दूसरी ओर शराब माफियाओं के सामने साष्टांग हो जाये तो फिर जिले की दुर्गति होना तो तय है और इसका परिणाम नजर भी आने लगा है जबकि एक ऐसा भी समय था कि शराब का सेवन करने वाले बड़ों क्या बच्चों का भी लिहाज करते थे और आज स्थिति यह है कि स्कूली गणवेश में दिलेरी के साथ छात्रायें स्कूल समय में शराब दुकान से शराब खरीदती नजर आ रही हैं।*

नर्मदा तट पर शराब का परिवहन और विक्रय बंद है लिहाजा आबकारी विभाग की जिम्मेदारी तो और बढ़ जाती है कि शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन हो ताकि जहां पवित्र नगरी की पवित्रता कायम हो वहीं माँ नर्मदा का सम्मान भी इस नगरी में होता रहे। लेकिन आपदा में अवसर ढूंढने वाला आबकारी विभाग इस प्रतिबंध का जिस तरह से फायदा उठा रहा है यही कारण है कि आज गली-गली शराब आसानी से विक्रय की जा रही है और दुर्भाग्य यह कि विभाग के अधिकारियों को यह नजर नहीं आता।

स्कूली छात्रायें शराब दुकान से शराब खरीदती दिखाई दी तो शराब ठेकेदार पर 02 लाख रूपये का जुर्माना लगा दिया गया क्योंकि उसने नियमों का पालन नहीं किया लेकिन जिस स्थान पर शराब प्रतिबंधित है यदि वहां शराब का विक्रय हो रहा है तो उस क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी पर कौन कार्यवाही करेगा या कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही।

बम्हनी से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा यहां से टाटरी, चिरईडोंगरी, एवं बम्हनी नगर के आसपास के गांव में शराब की सप्लाई हो रही है पुलिस को इसकी सूचना होने के बाद भी पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही जिससे अवैध कारोबारी के हौसले बुलंद है बताया गया है कि बम्हनी से वाहन मैं लोड कर शराब की अवैध सप्लाई की जा रही हैं शराब अवैध परिवहन बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों से किया जाता है यहां से शराब वाहन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भेजी जा रही है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में नशे का जाल फैल रहा है अवैध परिवहन से बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक नशे की लत में पढ़ रहे हैं अवैध कारोबार के चलते भविष्य बर्बाद हो रहा है लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं।

#### नगर में खुलेआम शराब का विक्रय

बम्हनी नगर में अवैध रूप से शराब का विक्रय हो रहा है यहां खुलेआम शराब का विक्रय हो रही है बम्हनी नगर के अलावा चिरईडोंगरी ठरका सिलगी लफरा ककैया मुगदरा वह आसपास के क्षेत्र में भी की जा रही जहां पर संचालित ढाबे ठेलों व दुकान में बेकी जाती है जिसकी जानकारी पुलिस को होने के बाद भी कार्यवाही नहीं की जा रही अवैध कारोबारी को पुलिस की खुली छूट और संरक्षण मिल रहा।

#### पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

बम्हनी बंजर में पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही जिसके चलते शराब के अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है पुलिस प्रशासन के द्वारा अवैध शराब के विक्रय को संरक्षण दिया जा रहा जिससे अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है पुलिस प्रशासन के द्वारा अवैध कारोबार पर कार्यवाही की जाए।




## समाज के लिए समर्पित था श्यामलाल जी का जीवन-पट्टा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आदिवासी समाज के चिर परिचित नेतृत्वकर्ता और भूतपूर्व सांसद व विधायक रहे स्व श्यामलाल धुर्वे जी की जन्म जयंती 25 अक्टूबर को उनके जन्म स्थल ग्राम बम्हनी विकासखंड घुघरी में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा जी भी सम्मिलित हुए जहाँ उन्होंने स्व श्यामलाल धुर्वे जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये और अपने उद्बोधन में स्व श्याम लाल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हमारी बम्हनी के माटी के लाल स्व श्यामलाल जी का जीवन समाज के लिए समर्पित था वर्ष 1972 से 1977 तक विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्र विकास के लिए अनेक प्रयास किये, फिर 1977 से 1979 तक सांसद रहते हुए उन्होंने जनता के लिए काम किया, उनका विशेष योगदान शिक्षा के क्षेत्र में रहा, उन्होंने अपने गांव की निजी भूमि तक गांव के स्कूल के लिए दान दे दी थी, आज उसी भूमि पर जो स्कूल संचालित है वो पहले प्राथमिक शाला था फिर हाईस्कूल बना और वर्ष 2019 में हमने इसे हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करवाया लेकिन बड़े दुःख की बात है कि इस हायर सेकेंडरी स्कूल में जहाँ आज सैकड़ो बच्चे पढ़ रहे हैं वहां उन्हें पढ़ाने के लिए मात्र एक नियमित शिक्षक है जो प्रभारी प्राचार्य के कार्य के साथ पढ़ाने का भी काम करते हैं प्रदेश की सरकार आजतक इस स्कूल के लिए नियमित शिक्षक नहीं दे पाई, यह हम सबके लिए पीड़ा दायक तो है ही साथ उस पुण्य आत्मा के लिए भी पीड़ा दायक है जिनका आज हम स्मरण करके उनकी मूर्ति का अनावरण कर रहे हैं। जितना बड़ा उनका व्यक्तित्व था उसके अनुरूप प्रतिमा भी होनी थी आने वाले समय में हम बड़ी प्रतिमा लगाने का प्रयास करेंगे। स्व श्यामलाल धुर्वे जी का जीवन प्रेरणा लेने योग्य है हम उन्हें शत शत नमन करते हैं। विधायक श्री पट्टा के उद्बोधन का स्थानीय ग्रामीणों ने भव्य करतल ध्वनि से अभिनन्दन किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण व स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# महिंद्रा रिजॉर्ट में पेस्ट कंट्रोल कर्मचारी की मौत

*** परिजनों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





कान्हा नेशनल पार्क स्थित महिंद्रा रिजॉर्ट में पेस्ट कंट्रोल का काम कर रहे कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान टंकेश गौतम के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि शनिवार सुबह टंकेश रिजॉर्ट में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे, इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।

उन्हें तुरंत मोचा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बम्हनी बंजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि रिजॉर्ट प्रबंधन ने न तो किसी प्रकार की आर्थिक सहायता दी और न ही जिम्मेदारी स्वीकार की। इसके विरोध में परिजनों ने अस्पताल के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। इससे यातायात कुछ देर के लिए बाधित हो गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम बिछिया सोनाली देव और एसडीओपी नैनपुर मनीष राज समेत प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने की कोशिश की। अधिकारी मुआवजे को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

फिलहाल मृतक का शव अस्पताल में ही रखा गया है। प्रशासन पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंपने की बात कह रहा है, जबकि परिजन तत्काल शव देने की मांग पर अड़े हैं। सड़क जाम अभी भी जारी है।

# आबकारी विभाग ने ठेका संचालक को किया दो लाख से दंडित

*** स्कूली छात्रा को शराब बेचने पर बड़ी कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




स्कूली ड्रेस में छात्रा को शराब बेचने के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। 24 अक्टूबर 2025 को नैनपुर के कम्पोजिट मदिरा दुकान क्रमांक-1 में हुई इस गंभीर घटना पर कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग ने जांच की। सीसीटीवी फुटेज में घटना की पुष्टि होने के बाद दुकान संचालक की गलती सामने आई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने संबंधित अनुज्ञाधारी (लाइसेंसधारी) के विरुद्ध 2,00,000 (दो लाख रुपए) का दंड लगाया है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए जिले के सभी अनुज्ञाधारियों को सख्त चेतावनी दी गई है। जिला आबकारी अधिकारी, मंडला ने बताया कि स्कूली छात्रा को मदिरा विक्रय करना मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 14 (सी) का स्पष्ट उल्लंघन है और इस पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आयोजन

### आर्यिका मां विमल मति माता जी का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन।

# जीव दया में पिच्छिका की बड़ी भूमिका

*** उदयचौक में हुआ भव्य आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



24 अक्टूबर को उदय चौक में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या 105 आर्यिका मां विमल मति माता जी ससंघ का पिच्छी परिवर्तन का भव्य समारोह उदय चौक में बाल ब्रह्मचारी अभय भैया जी एवं बाल ब्रह्मचारी राकेश भैया जी मंडला नगर गौरव के संचालन में कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र अनावरण बाल ब्रह्मचारिणी बहनों और श्रविकाओं द्वारा मंगलाचरण किया गया पश्चात आचार्य श्री की पूजन मंडला महाराजपुर जैन समाज की समस्त कमेटियों और बाहर से पधारे अतिथिगण आर्यिका मां के गृहस्थ अवस्था के परिवारजन प्रतिमा धारी भाई बहनों द्वारा की गई। शास्त्र भेंट का कार्यक्रम में भी लोगों ने बढ़ चढ़कर अपनी भक्ति दिखाई दीप प्रज्वलन और शास्त्र जी भेंट किए गए। यह संयम का उपकरण पिच्छी परिवर्तन में नई पिच्छी देने वाले भक्तगण ने नियम संयम लिया और पुरानी पिच्छी लेने वालों में आर्यिका मां विमल मति माता जी की पिच्छी क्षितिज निवि जैन, मां निर्मल मति माता जी की पिच्छी अनूप नेहा जैन, मां निर्वेग मति माता जी की पिच्छी प्रवीण सरिता जैन, मां सविनय मति माता जी की पिच्छी अनुराग सपना जैन, मां साश्वत मति माता जी की पिच्छी बालि ताशा जैन और आर्यिका मां निकट मति माता जी की पिच्छी राजेश मनीषा जैन (अमरदीप) ने नियम लेकर पुरानी पिच्छी ली। इनके सयंम की सभी ने अनुमोदना की। आर्यिका मां विमलमति माता जी ने अपनी दिव्य देशना में पिच्छी को हृदय परिवर्तन और संयम का उपकरण बताते हुए कहा कि यह पिच्छी मोरपंख से बनी हुई होती है जिसकी पांच गुणों और विशेष ताओं से भरी होती हैं। इसमें सुंदरता लघुता मृदुता दृढता सुकुमारता के गुणों से और जीव दया में भी बडी महान सहायक होती है। इस पिच्छी की रस्सी सम्यकदर्शन पंख सम्यकज्ञान और डंडी सम्यक चारित्र का प्रतीक है। जब हम पिच्छी से किसी भी जगह का परिमार्जन करते है जाते हैं तो इस पंख की मृदुता कोमलता से एक चीटी की भी रक्षा रक्षा हो जाती है। जीवदया में इस का बहुत महत्व है। माताजी ने बताया कि जब मोर नाचना है तो उसके आंसू निकलते हैं तब वह आंसू पीकर मोरनी गर्भ धारण करती है। इस प्रकार मोर बहुत ही श्रेष्ठ है सब पशु पक्षियों में। माता जी ने बताया कि आचार्य श्री ने कहा जो प्रभु की भक्ति करते है पागलों की तरह गुरु की कृपा बरसती हैं उन पर वादलों की तरह और माता जी ने कहा मंडला नगरी की कृपा निराली है अभी तो आर्यिका संघ आई है अब तो नवाचार्य आचार्य श्री समयसागर जी की बारी है। आर्यिका मां निर्मल मति माता जी कहा गुरुवर तुम हो चंदा, मैं हू चकोर,मांझी तू है मेरा, सम्हालो मेरी डोर और कहा आर्यिका मां अनंतमति विमल मति माताजी दो मुट्ठी खाती है और कई मुट्ठी लौटाती है। बहुत ही सुन्दर ढंग से माताजी ने अपनी वाणी से सभी को ओत प्रोत कर दिया। बच्चों ने महिला मंडल बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कलश स्थापना के बाद निष्ठापन का कार्यक्रम भी होता है तो चार्तुमास पूर्ण होने के बाद कलश वितरण और पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी शनिवार को सम्पन्न हुआ। रविवार के दिन प्रातः 7 बजे से श्रीशांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में श्री सम्मेद शिखर जी विधान भी आर्यिका मां के सानिध्य में सम्पन्न होना है।

### ग्राम पंचायत परसेल एवं वनग्राम सैदा में विशेष शिविर का आयोजन

**मण्डला।** शुक्रवार को राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत परसेल एवं वनग्राम सैदा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों और कृषकों को उनकी विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विभाग द्वारा किसानों को कोदो-कुटकी फसल का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की समझाइश दी, ताकि वे इन फसलों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य और अन्य लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही पशुपालन विभाग ने ग्रामीणों को अपनी आय में वृद्धि के लिए वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन अपनाने और विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।


### क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस०ओ० 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स श्रीमति शीलदेवी झा भंवरताल डोलोमाईट माईन, खसरा नं. 27(पी), ग्राम भंवरताल, तहसील बिछिया जिला मण्डला, लीज क्षेत्रफल 4.61 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स-उत्खनन क्षमता डोलामाईट माइंस 52,867 टन प्रतिवर्ष ओ.बी. वेस्ट 6860 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुकम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर मण्डला (2) कार्यालय जिला पंचायत, मण्डला, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द मण्डला, (4) ग्राम पंचायत भवरताल, तहसील बिछिया जिला मण्डला (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड कमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड **www.mppcb.nic.in** पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म०प्र०) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 26/11/2025 दिन बुधवार को दोपहर 2:00 बजे मेसर्स श्रीमति शीलदेवी झा भंवरताल डोलामाईट माइन ग्राम भंवरताल तहसील बिछिया जिला मण्डला के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

## खबर संक्षेप

### एक राय होकर की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम महगांवा निवासी प्रकाश पिता रेवाराम कौरव उम्र 35 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह ग्राम करपगांव से अपने घर वापिस जा रहा था उसी दौरान रास्ते में ग्राम नजोर निवासी नन्हू उर्फ शैलेश कौरव, रिषभ कौरव तथा रितिक कौरव आये और बेसबाल के बल्ले से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया है।

### मौसम मिस्त्री का इंतकाल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। व्यक्ति भले ही किसी वर्ग समाज व धर्म का रहे। मगर उसका मिलनसार व्यवहार उसे अपनी एक अलग पहचान देते हुये लोगों के बीच अपनेपन का संबंध स्थापित करने से नही चूकता है। जब वह व्यक्ति इस दुनिया से बिदा लेता है तो सभी लोगों के दिलों में अपने आप ही दर्द दिखाई देने से नही चूक पाता है। कुछ इसी प्रकार की विशेषता मौसम मिस्त्री के मिलनसार स्वभाव में देखने मिलती थी। नगर के चावड़ी वार्ड शक्ति चौक निवासी और और अपने मिलनसार स्वभाव के चलते सभी के बीच स्नेह से परिपूर्ण संबंध रखने वाली शख्सियत सैयद मौसम अली मिस्त्री का बीते हुये दिवस करीब 72 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। वह सैयद आशिक हुसैन अली (आरटीओ) और सैयद साबिक अली के पिता थे। शनिवार को उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान मे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम यात्रा में हर वर्ग के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

**एक बोरी के लिये दिन भर लम्बी लाईनों में खड़े दिखाई दे रहे देश के अन्नदाता, कैसे बन पायेगा खेती लाभ का धंधा...?**

# चना गेहूं की बोली होने के पहले किसानों के सामने फिर दिखाई देने लगा खाद का संकट

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** केन्द्र से लेकर प्रदेश की सत्ता में काबिज सरकार द्वारा किसानों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर जब किसानों को जब अपने खेतों की बोनी करने का समय आता है या फिर अनाज विक्रय करने के दौरान किस तरह की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है यह सच्चाई किसी से छिपी नही है...? वही दूसरी ओर जब किसानों को अपने खेतों में फसल बोने का समय आता है तो जरूरी समान समय पर नही मिलने के चलते वह अपने खेती के धंधे में घाटे खाने से नही बच पाता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई चना गेंहू सहित अन्य फसलों की बोनी होने के पहले जिस तरह क्षेत्र के किसानों को खाद के लिये भटकते हुये देखा जा रहा है वह सरकार के भरोसे पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है...?



इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि आज अधिकारियों से लेकर देश के नेता व आमजन जिस अन्न का भोजन करते हुये अपना पेट बढ़ा रहे है उसको पैदा सिर्फ किसान ही कर सकता है। क्योंकि अन्न को किसी फेक्ट्री या फिर मशीन के द्वारा नही बनाया जा सकता है, वह सिर्फ किसानों की मेहनत के चलते ही किसानों के खेतों में ही पैदा होता है। यदि किसान अपने खेतों में अन्न पैदा करते हुये उसका विक्रय न करे और सिर्फ अपने ही उपयोग के लिये रखने लगे तो निश्चित ही संपूर्ण देश में भूख मरी पैदा होने से नही चूक पायेगी..? यह बात जरूर है कि किसानों द्वारा अपने खेतों में रात दिन एक करते हुये पैदा किये जाने वाले अन्य को विक्रय करने के बाद अपनी अन्य जरूरतों को पूरा करता है। इसलिये उसे बेचने की मजबूरी होती है। मगर अधिकारियों से लेकर बडे बडे नेता व उद्योग पति भले ही लखपति होने के कारण उनके पास रूपयों का अम्बार लगा हो..। मगर उन रूपयों को वह कभी अपना पेट नही भर सकते है उन्हें अपना पेट भरने के लिये किसानों द्वारा खेतों में पैदा किया गया अन्न ही खरीदकर खाना पड़ेगा तभी उनका पेट भर सकता है। जबकि किसान यदि चाहे तो अन्य सुख सुविधाओं को त्यागते हुये अपने खेतों में पैदा किये जाने वाले अन्न के भरोसे जिंदा रह सकता है। मगर अधिकारी नेता व उद्योग पति बगैर किसान के मेहनत के बगैर अपनी जिन्दगी व्यतीत नही कर सकते है? यदि सही मायने में देखा जावे तो देश की रक्षा में जहां जवान की आवश्यकता होती है वह देश की जनता का पेट भरने के लिये किसान की मेहनत की जरूरत होती है और इसी लिये यह नारा दिया गया है कि जय जवान, जय किसान जब कि देश का जवान व देश का किसान खुशहाल रहेगा तो देशवासी कभी असुरक्षित व भूखे नही रह सकते है? मगर जिस प्रकार से इस समय किसानों को जो स्थिति देखने मिल रही है उसकी ओर न तो अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही नेताओं द्वारा जिसका परिणाम है कि किसानों को अपनी फसल तैयार करने में उपयोग होने वाली जरूरी चीजों के लिये भटकने या फिर मनमानी करने वालों का शिकार होते हुये देखा जा रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय किसान अच्छे दिनों के घन चक्कर में फसने के बाद खून के आसू बहाते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? यह बात अलग है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकार द्वारा किसानों के खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिये हर संभव मदद करने की बात कही जाती है। मगर सही मायने में देखा जावे तो यह बात सिर्फ मंचो से लेकर



अखबारों की सुर्खिया बनने के आलवा और कुछ साबित होने से नही चूकती है? क्योंकि जब किसानों को अपने फसले तैयार करने के लिये जिस चीज की जरूरत पड़ती है वह बाजार में आसानी से उपलब्ध नही हो पाने के कारण मजबूर किसान को अपनी फसलों को बचाने के लिये वह सामग्री ओने पोने दामों में खरीदना पड़ता है और इस तरह किसान की मजबूरी का फायदा दुकानदार उठाने से नही चूकते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि इस दिनों किसानों द्वारा अपने खेतों चना, गेंहू सहित अन्य प्रकार की फसलों की बोनी करने की तैयारियों की जा रही है। जिसके लिये सबसे जरूरी माने वाले खाद को लेकर जहां मारा मारी का आलम देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर बेयर हाउसों में दिन दिन भर किसानों को खड़े रहने के बाद भी दो बोरी खाद नही मिल पाने के कारण खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के किसानों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि सरकार द्वारा कहा जाता है कि हम किसानों के लिये खेती को लाभ का धंधा बनाने में कोई कसर नही छोड़ेगे मगर देखा जाता है कि किसानों को जब खाद सहित अन्य प्रकार की जरूरी सामग्री की जरूरत होती है तो वह समय पर मिल ही नही पाती है और मिलती भी है तो दुकानदारों द्वारा उसे मनमाने दामों पर विक्रय करते हुये दुकानदार किसानों की मजबूरी का फायदा उठाने से नही चूकते है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि सरकार को यह बात अच्छे से पता रहती है कि किस सीजन में किसानों को खेती के लिये किस चीज की जरूरत होती है मगर इसके बाद भी समय पर पर्याप्त मात्रा खाद उपलब्ध न करा पाना निश्चित तौर से सरकार की बिफलता को उजागर करने के साथ साथ कालाबाजारी करने वालों को खुला संरक्षण देने की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूकती है।

## पुलिस की दीवाली व्यस्तता की गुगली बाल पर चोरों ने जड़ा छक्का

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस समय जिस तरह अंतराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे क्रिकेट खेलों के महाकुंभ के बीच अचानक क्रिकेट सट्टे का जोर दिखाई देने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण जिले की पुलिस को दीवाली त्यौहार के बीच शांति व्यवस्था बनाने के साथ साथ संदिग्धों पर पैनी नजर रखने के जिस तरह से आदेश दिये गये है उसके चलते पुलिस प्रशासन को पूर्ण रूप से व्यवस्थ देखा जा रहा है। इस तरह त्यौहारी सीजन में पुलिस की लगातार व्यवस्थता रूपी कमजोर गुगली बाल का अपराध की दुनिया में लिप्त रहने वाले फायदा उठाने के लिये अपना बल्ला घुमाने में पीछे नही रहना चाहते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों सांईखेड़ा नगर में देखने मिली है जहां पर पुलिस की व्यवस्तता रूपी गुगली बाल पर चोरों द्वारा अपना बल्ला घुमाते हुये जिस तरह एक सूने घर में सेंध लगाते हुये सोने चांदी के जेबर सहित नगदी पार करने का जो छक्का मारा गया है उसके चलते शांति



प्रिय माने जाने वाली दादा धूनी वालों की नगरी में दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया है। बताया जाता है कि नगर के जानकी बिहार कालोनी वार्ड क्रमांक 12 निवासी संतोष पिता चंद्रिका प्रसाद अग्रवाल अपने परिवार के साथ दीवाली पर्व के दौरान पैतृक घर उदयपुरा गया हुये थें। जब उन्होनें वापिस आकर देखा तो जहां घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। वही अंदर संपूर्ण सामग्री खिबरी होने के साथ घर के अंदर अलमारी व पलंग पेटी में रखे हुये सोने चांदी के जेबर सहित नगदी गायब थें। बताया जाता है कि चोरों ने बच्चों द्वारा अपनी गुल्लक में एकत्र किये गये पैसों को भी नही छोड़ा गया है। इस संबंध में पीड़ित अग्रवाल परिवार द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि उनके घर से चोरों द्वारा दो जोडी चांदी के पायल पट्टी, दो सोने की अंगुठिया, दीवाली पूजन के चांदी सिक्के, लगभग 18 हजार नगदी रूपया पार किये गये है। इस प्रकार घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुये शीघ्र ही चोरों की खोज करने का भरोसा दिलाया गया है। मगर सबाल यह है कि पूर्व में अनेक जगहों पर हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों को खोजने में पुलिस जहां आज तक असफल दिखाई दे रही है तो फिर इस चोरी के आरोपियों को पकड़ने में कब तक सफल होती है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा..? इस तरह एक परिवार की दीपावली की खुशियों को चोरों द्वारा जिस तरह गुम में तब्दील किये गया है उसके चलते नगर में दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है।

## गौमाता सकारात्मक ऊर्जा की खान होती है-त्यागी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के श्रीदेवराम जानकी खिरका मंदिर में शुक्रवार को अन्नकूट का आयोजन करते हुये गौमाता का पूजन किया गया। इस मौके पर अनेक संतों की मौजूदगी के बीच नगर के गणमान्यजन भी मौजू रहे। इस दौरान आयोजित गौ संगोष्ठी में पधारे हुये महामंडलेश्वर श्री सीताराम जी त्यागी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुये कहा कि गौमाता सकारात्मक ऊर्जा की खान है। गौमाता की परिक्रमा और स्पर्श से हमें जिस तरह की ऊर्जा प्राप्त होती है उसके चलते हम अपना जीवन सफल कर सकते है। वही गोमूत्र औषधि नहीं महा औषधि है तथा गौचरण रज बड़ी पवित्र होती है। गौ माता के सानिध्य में स्वस्थ, समर्थ और स्वदेशीमय भारत का निर्माण ही हमारा अंतिम लक्ष्य है। महामंडलेश्वर ने आगे कहा कि जहां-जहां गौ माताएं सुख पूर्वक रहती हैं वहां-वहां धर्म और लक्ष्मी का सदा निवास रहता है। इस दौरान उन्होंने मंदिर की गौशाला और गौशाला के संचालक महंत बालक दास महाराज के कार्यो की सराहना की गई। गौशाला की स्थापना के 12 वर्ष होने पर संचालक मंडल के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की गई। मृगेंद्रनाथ धाम से पधारे हुए महंत रामचरण दास महाराज ने कहा कि गौ कृपा सहज व सरल है। क्योंकि वह हमारी माता है गौ कृपा से ही चिकित्सा व्यय में कमी आ सकती है गौ संगोष्ठी को अर्जुन भारती जी महाराज, साध्वी पीतांबरा जी सहित महंत रामचरण दास महाराज और पूर्णानंद महाराज ने भी संबोधित किया। गौमाता के अंदर सभी देव विराजमान होते है। जब किसी के घर में गाय



माता का पालन होता है तो उससे सभी देवता प्रसन्न होकर अपना आर्शीवाद प्रदान करते है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो गौमाता जहां हमे गुणकारी दूध प्रदान करते हुये बच्चों को निरोगी बनाती है। वही दूसरी ओर गाय के गोबर से यदि घर में लिपाई कर दी जावे तो अनेक प्रकार के मच्छर आने से रूक जाते है। मगर पता नही जिसको घर में पालने से पुण्य मिलता है लोग उसे सड़को पर छोड़ रहे है और जिसे घर से दूर रखना चाहिये उसे लोग अपने घरों में विस्तरों पर सुला रहे है। इस तरह आयोजन संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन पं बसंत जोशी ने किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पधारे हुये संतों द्वारा मंदिर द्वारा संचालित गौशाला में पहुंचकर गौ माता का पूजन करते हुये गौशाला की परिक्रमा की गई। वही खिरका मंदिर में आयोजित अन्नकूट भण्डारे में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की गई।

## क्षेत्र में लग रहे मढ़ई मेलों में दिन भर चलता है हार जीत का खेल, पुलिस प्रशासन रहा मौन



**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** जिस प्रकार से इस समय क्षेत्र में जुआ सट्टे का अवैध कारोबार लगातार बढ़ते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम इस क्षेत्र में चोरी सहित अन्य प्रकार की अपराधिक घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर अन्य अपराध भी जन्म लेने से नही चूक पा रहे है। मगर हद तो तब हो रही है जब गांव गांव लगने वाले मढ़ई मेलों में खुलेआम भारतीय मुद्रा पर हारजीत का दाव लगते हुये देखा जा रहा है और पुलिस इस सच्चाई से अनजान बनकर नजर अंदाज करने से नही चूक रही है..? जिसके चलते अनेक युवाओं द्वारा इस चकरीनुमा खेल में माध्यम से अपनी राशि गवाते हुये देखे गये और जिनकी जीत हुई वह खुशी में छूमने से नही चूके? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस प्रकार से शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मढ़ई मेलों का आयोजन होता है वह आयोजन जहां पुरानी परम्पराओं को जीवित करने से तो नही चूकते है। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा इन मढ़ई मेलों में पहुंचकर आंनद भी उठाया जाता है। मगर वही वही दूसरी ओर इन मढ़ई मोलों में दूर दूर से दुकाने लेकर आने वाले दुकानदारों द्वारा अपनी रोजी रोटी कमाने का साधन भी मिल जाता है। मगर अनेक जगहों पर देखा जाता है कि इस समय लग रहे इन मढ़ई मेलों में इस प्रकार के खेल भी आयोजित किये जाते है जो नियम विरूद्व होने के साथ साथ एक बुराई का प्रतीक माने जाते है? क्योंकि कानून के भाषा में देखा जावे तो भारतीय मुद्रा पर हारजीत का दाव लगाने वाले हर कृत्य को अपराध यानि की जुंआ की श्रेणी में माना गया है। मगर इसके बाद भी आयोजित होने वाले इन मढ़ई मेलों के दौरान एक चुकरी नुमा कार्यक्रम के दौरान लोगों को खुलेआम अंकों पर रूपयों का दाव लगाने के साथ हारजीत का खेल खेलते हुये देखा जा रहा है वह निश्चित ही पुलिस की कार्य प्रणाली कों संदेह के घरे में लाने से नही चूक रहा है। क्योंकि इस प्रकार का कोई भी खेल पुलिस की अनुमति या फिर मिलीभगत के बगैर संपन्न हो पाना संभव नही माना जा सकता है? इस प्रकार से क्षेत्र में जहां तहां आयोजन होने वाले मढ़ई मेलों के दौरान खुलेआम चकरी नुमा खेल पर धड़ल्ले से लोगों को अंकों पर हारजीत का खेल करते हुये देखा गया मगर इसके बाद भी पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करना निश्चित ही लक्ष्मी पूजन के आर्शीवाद व मिलीभगत की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है।

## कामती राष्ट्रबंधु स्मारक के पास फैला हुआ अतिक्रमण बन रहा परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले गाडरवारा पिपरिया मार्ग की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां तहां निकल रहे गड्ढे वाहन चालकों के लिये पेरशानी का कारण तो साबित होते हुये देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर इस मार्ग पर आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते अनेक लोग अपने जिन्दगी भी गवा चुके है? क्योंकि जहां सड़क की स्थिति लगातार जर्जर होने के बाद भी इसके सुधार की ओर किसी के भी ध्यान नही दिया जा रहा है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे पड़ने वाले गांवों में सड़क किनारे फैल रहे अतिक्रमण दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम कामती में देखने मिल रही है, बताया जाता है कि इस मार्ग पर पढ़ने वाले ग्राम कामती के प्रमुख स्थल राष्ट्रबंधु स्मारक के पास जिस प्रकार से लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये अपने दुकाने सजाई गई है उसके चलते वाहन चालकों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है, क्योंकि यह स्थल इस प्रकार से माना जाता है कि यहां पर सड़क का प्रमुख मोड़ होने के कारण जहां वाहन चालकों को सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है, वही दूसरी ओर जब कोई वाहन अचानक दूसरे वाहन के सामने आ जाता है तो इस मोड़ पर फैले हुये अतिक्रमण के चलते वाहन चालक अपने वाहन को सड़क की साईड में ले जाने की स्थिति में भी नही होता है जिसके चलते इस स्थल पर आये दिन वाहनों की टक्कर होना आम बात हो चुकी है? मगर इसके बाद भी यहां पर फैले हुये अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही यहां पर किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो? यदि समय रहते हुये यहां पर फैले हुये अतिक्रमण की ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही ग्राम कामती में किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## बदहाली का शिकार सालीचौका शमशान घाट साफ सफाई के भाव में परेशान हो रहे लोग

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा गांव गांव शमशान घाट बनाने के लिए करोड़ो की राशि खर्च करते हुए निर्माण कराया जा रहा है, मगर वही दूसरी ओर जो शमशान घाट पहले से ही बने हुए है उनकी देखरेख में बरती जा रही उदासीनता के चलते वह बदहाली का शिकार होते हुए देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका शमशान घाट में देखने मिल रही है, जहां पर स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि जरूरत पड़ने पर जब लोग इस शमशान घाट में पहुंचते है तो उनका अंदर घुसपाना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि शमशाम घाट के अंदर ऊग रही काटेदार झाड़ियो के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करते हुए देखा जाता है, वही साफ सफाई के आभाव में गंदगी का अम्बार भी लगा हुआ देखा जा रहा है। इस प्रकार से नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित इस शमशान घाट को लेकर नगर परिषद द्वारा बरती जा रही उदासीनता के चलते जहां नपा की कार्य प्रणाली चर्चा का विषय बनी हुई है, वही दूसरी ओर शमशान घाट के रख रखाब के लिए हर वर्ष आने वाली राशि कहा खर्च हो रही है यह चर्चा का विषय बना हुआ है? क्योंकि आदमी के अंतिम पडाव के पहुंचने वाली जगह भी स्वच्छ न होने के कारण सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर ग्रहण लगाने से नही चूक पा रही है।

## ट्रेनों में सीट सुरक्षित या फिर जल्दबाजी के चक्कर में रेल पटरी पार करना बन सकता जिन्दगी को खतरा



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ मॉगने के हकदार है, किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों त्यौहारों की धूमधाम और शालाओं में चल रहे अवकाशों के कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेट फार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीड भाड़ का आलम रहता है। इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए या फिर जल्द बाजी में दूसरे प्लेट फार्म पर पहुंचने के लिये अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न करते हुये मासूम बच्चों को लेकर पटरी पार करने से नही चूकते है, इसमें महिलाएं भी पीछे नही रहती है, इतना ही नही हालत यह है कि कभी कभी तो रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। अक्सर देखा जाता है कि अनेक रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है। जब प्लेट फार्म कूद कर रेल लाईन पार करना अपने आप में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटाते हुये प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।















## खबर संक्षेप

### किसानों ने की सिंचाई के लिए नहर से पानी छोड़ने की मांग, कहा– गेहूं-चना की बुवाई का यही सही समय

**शहपुरा** - डिंडोरी जिले के शाहपुरा जनपद अंतर्गत ग्राम रनगांव एवं जिमरा के किसानों ने सिंचाई के लिए नहर से पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर जल संसाधन विभाग शाहपुरा के अनुविभागीय अधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। किसानों का कहना है कि उनके ग्रामों में अधिकांश लोगों की आजीविका कृषि पर निर्भर है। खेतों की जुताई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, लेकिन पर्याप्त सिंचाई जल न मिलने के कारण समय पर गेहूं, चना एवं मटर की बुवाई नहीं हो पा रही है। किसानों ने बताया कि अगर एक सप्ताह के लिए नहर में पानी छोड़ दिया जाए, तो फसलों की बुवाई समय पर हो सकेगी और उत्पादन पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से मांग पत्र में कहा है कि फिलहाल गेहूं और चना की बुवाई का यही उपयुक्त समय है, ऐसे में सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विभाग से तत्काल नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है ताकि रबी सीजन की फसलें समय पर लगाई जा सकें।

### अरुण कुमार मिश्रा बने भगवा पार्टी के जिला उपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने अपने संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करते हुए अरुण कुमार मिश्रा को अनूपपुर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव मुरारी लाल पाण्डेय की सहमति और राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकान्त शुक्ला के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल मिश्रा की अनुशंसा से की गई। अरुण कुमार मिश्रा लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। वे संगठन को क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि उनके जुड़ने से जिले में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और पार्टी के जनाधार का विस्तार होगा। जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर जिलेभर के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। पार्टी ने विश्वास व्यक्त किया है कि अरुण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत एवं सक्रिय रूप में कार्य करेगा

### अमरकंटक में नर्मदा नदी के रामघाट पर मिला अज्ञात का शव

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक के पवित्र नर्मदा नदी के रामघाट दक्षिण तट पर शुक्रवार को एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति (आयु लगभग 55-60 वर्ष) का शव तैरता हुआ मिला। शव राम सेतु झूला पुल के नीचे नदी में उतराता दिखाई दिया, जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस को पास में ही एक ऊनी स्वेटर, चादर और जूते रखे हुए मिले हैं। मृतक के पास से सुनहरे रंग का पर्स तथा साल वृक्ष की लकड़ी से बनी चिलमनुमा चोंगी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार मृतक ने आसमानी रंग की फुल शर्ट, काले रंग की जींस पैंट पहन रखी थी और कमर में बेल्ट बंधी हुई थी। हाथ में कलावा बंधा हुआ है, सर के बीच के हिस्से में बाल नहीं हैं, रंग सांवला है और लंबाई लगभग 5 फुट 3 इंच बताई गई है। स्थानीय लोगों एवं पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, परंतु अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार किया और विच्छेदन उपरांत कफन-दफन की प्रक्रिया प्रारंभ की है। घटना की विवेचना उप निरीक्षक पी.एस. बघेल एवं सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव द्वारा थाना प्रभारी नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी के निर्देशन में की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति की पहचान उपरोक्त विवरण से मेल खाती हो तो थाना अमरकंटक या एएसआई ईश्वर यादव से संपर्क कर जानकारी दें।

# बंदियों को स्वरोजगार से जोड़ेंः कलेक्टर ने किया जेल का निरीक्षण

## कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने के दिए निर्देश

डिंडौरी





**कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को जिला जेल डिंडोरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसर में महिला एवं पुरुष बंदियों से बातचीत की और बेरीग का अवलोकन किया।कलेक्टर ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि बंदियों को पेंटिंग, बधाई, सिलाई, राजगीरी जैसी विभिन्न आजीविका उन्मुख गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि रिहाई के बाद वे स्वरोजगार से जुड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट सकें।**

महिला बंदियों के लिए उन्होंने कंप्यूटर, सिलाई-कढ़ाई, क्राफ्ट, पेंटिंग डिजाइन जैसी कौशल आधारित ट्रेनिंग शुरू करने के निर्देश दिए। कुछ महिला बंदियों द्वारा कौशल होने की जानकारी देने पर कलेक्टर ने अधीक्षक को कहा कि उनके सहयोग से अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण दिलाया जाए।कलेक्टर ने रसोई कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बंदियों को बेहतर एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए।

जेल की दीवारों पर पेंटिंग कार्य कराने के निर्देश भी दिए गए। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि कुछ कैदी स्वयं पेंटिंग करते हैं, जिस पर कलेक्टर ने उनके सहयोग से दीवारों को सजाने और उनके कार्य का उचित भुगतान करने को कहा।उन्होंने यह भी कहा कि जेल में शासकीय योजनाओं का लेखन किया जाए, ताकि बंदियों को शासन की योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे उसका लाभ ले सकें। साथ ही, सभी महिला एवं पुरुष बंदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जेल में मानव अधिकारों एवं अपराधों की रोकथाम संबंधी प्रशिक्षण भी दिए जाएं, जिससे लोग अपराध से दूर रहें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन नवीन भवन की गुणवत्ता देखी और उसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने मुलाकात कक्ष का भी निरीक्षण किया, जहां अधीक्षक ने बताया कि रिश्तेदारों से मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक निर्धारित है। इस अवसर पर अधीक्षक ने कलेक्टर से मुख्य सड़क से जेल तक 200 मीटर सड़क पक्की कराने का आग्रह किया, जिस पर कलेक्टर ने निर्माण का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुश्री भारती मरावी, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, जेल अधीक्षक एल.के. कटिया, पुलिस जवान एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

# अंतर विश्वविद्यालय स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में अमरपुर महाविद्यालय की छात्रा हेमलता उद्दे का हुआ चयन



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार अंतर विश्वविद्यालय स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर से लातूर नांदेड़ महाराष्ट्र में किया जाएगा। जिसमें शासकीय महाविद्यालय अमरपुर की छात्रा हेमलता उद्दे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की टीम से खेलेगी। छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता खेलने लातूर नांदेड़ महाराष्ट्र जाएगी। छात्रा ने अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए शासकीय महाविद्यालय अमरपुर एवं डिंडौरी जिले का नाम रोशन किया हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी, सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा डाबर, डॉ. अनिल कुशराम, डॉ. सौरभ सावंत, डॉ. निगहत खान, डॉ. सुनील काकोड़िया, जयदीप दुबे, सुश्री हुस्नआरा अंसारी, कैलाश प्रसाद लखेरा, प्रदीप कुमार कहार, हरिशंकर गुप्ता, दीपचंद गुप्ता, समीर मरावी, कमलेश वास्पे, सहज सिंह मरावी सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ ने छात्रा हेमलता उद्दे के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# कलेक्टर ने डिंडौरी में प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

डिंडौरी





कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को औरई रोड स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर परिषद डिंडौरी द्वारा निर्मित हो रहे आवासों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार एवं नगर परिषद सीएमओ ने बताया कि कुल 50 आवास निर्माणाधीन हैं, जो शीघ्र ही पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराए जाएंगे।कलेक्टर ने आवासों की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए नगर परिषद सीएमओ को निर्देश दिए कि सभी आवासों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्ता युक्त रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक आवास में विद्युत कनेक्शन, पानी की टंकी, गेट, खिड़की आदि आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ठेकेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वर्ष 2012 से कार्य प्रगति पर होने के बावजूद अब तक आवास पूर्ण न होना गंभीर लापरवाही का परिचायक है। यदि 15 दिवस के भीतर सभी आवास पूर्ण नहीं किए गए तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।निरीक्षण के दौरान पूर्व में निर्मित आवासों में निवासरत नागरिकों ने कलेक्टर के समक्ष लाइट, नाली एवं पानी की समस्या रखी। जिस पर कलेक्टर ने ठेकेदार को दो दिवस के भीतर सभी मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग के अधिकारियों को सभी आवासों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा पोल पर लगे लाइटों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके साथ ही कलेक्टर ने नगर परिषद सीएमओ को कॉलोनी में कचरा पात्र (डस्टबिन) रखने के निर्देश दिए, जिससे सभी नागरिक कचरा उसी में डालें और नगर परिषद की गाड़ी द्वारा नियमित रूप से उसका संकलन किया जा सके।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन आवास शीघ्रता से पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को समय पर आवंटित किए जाएं। साथ ही, निर्माण एजेंसी को कॉलोनी परिसर में निर्धारित मापदंडों के अनुसार दुकानों का निर्माण करने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मरावी, सीएमओ अमित तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक मरकाम बोले – विभाग बैठकों में देता है झूठी रिपोर्ट, हकीकत गांवों में अलग

डिंडौरी।



मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में पानी के लिए तरसते कूड़ा गांव के लोगों ने शनिवार सुबह जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। महिलाओं ने सड़क पर खाली बर्तन रखकर विरोध जताया, तो पुरुषों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, वहीं एम्बुलेंस को पुलिस ने प्राथमिकता देकर बाहर निकाला।

दरअसल पानी संकट से नाराज़ ग्रामीणों ने पीएचई विभाग के अधिकारियों की समझाइश ठुकरा दी। आखिरकार विधायक ओमकार मरकाम के मौके पर पहुंचने के बाद ही ग्रामीणों ने जाम हटाया। विधायक के साथ ग्रामीणों ने गांव की खराब नल-जल व्यवस्था दिखाई। विभाग के एसडीओ ने तीन दिन में समाधान का भरोसा दिलाया।गांव की लगभग ढाई हजार की आबादी को रोजमर्रा के लिए दो किलोमीटर दूर गोमती नदी से पानी लाना पड़ता है। नल-जल योजना का पानी सप्ताह में सिर्फ एक दिन मिलता है, वह भी सीमित मात्रा में। हाईवे निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, वहीं चार हैंडपंप भी उखाड़ दिए गए, जिससे स्थिति और विकट हो गई है।

ग्रामीण सुधा दुबे ने बताया कि सड़क किनारे पाइपलाइन से बहता गंदा पानी ही ग्रामीणों की मजबूरी बन गया है। ग्राम पंचायत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पुराने पाइप खुले पड़े हैं, जिनसे एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है।

वहीं डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने पीएचई विभाग पर झूठी जानकारी देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विभाग 7 हजार हैंडपंप चालू बताता है, जबकि गांवों में कई बंद पड़े हैं।मरकाम बोले नर्मदा किनारे बसे गांवों को भी अगर प्यास से जूझना पड़े, तो यह शासन की बड़ी विफलता है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतरेंगे।

# अमरकंटक पुलिस ने चार गुमशुदा व्यक्तियों को किया दस्तयाब




**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक पुलिस थाना ने सराहनीय कार्यवाही करते हुए लंबे समय से गुमशुदा चार व्यक्तियों को दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विशेष अभियान चलाकर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और निरंतर तलाश के बाद सफलता प्राप्त की। थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहला मामला गुम इंसान क्रमांक 43/23 दिनांक 19 दिसंबर 2023 का है, जिसमें फरियादिया कोता बाई आर्मो निवासी वार्ड क्रमांक 4 काठजू, ग्राम बराती थाना अमरकंटक द्वारा अपनी नातिन प्रियंका बाई पिता लखन सिंह आर्मो (उम्र 22 वर्ष) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। विवेचना एवं पतासाजी के दौरान पुलिस ने 23 अक्टूबर 2025, दिन गुरुवार को उक्त युवती को दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। यह कार्रवाई सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर यादव द्वारा की गई। दूसरा मामला गुम इंसान क्रमांक 36/25 दिनांक 19 जुलाई का है, जिसमें फरियादी अरुण कुमार मरावी पिता सुरधन सिंह मरावी निवासी ग्राम दुवारी द्वारा अपनी पत्नी वंदना देवी मरावी (उम्र 22 वर्ष) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। निरंतर खोजबीन के बाद पुलिस ने 23 अक्टूबर को उन्हें दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक परशराम धनंजय एवं प्रधान आरक्षक संजय शाह (क्र. 47) की विशेष भूमिका रही। तीसरा मामला गुम इंसान क्रमांक 39/25 दिनांक 8 अगस्त का है, जिसमें फरियादी रामचरण पनिका पिता स्व. प्रेमलाल पनिका निवासी वार्ड क्रमांक 18, खाले टोला कुम्हरवार ने अपनी पुत्री दयावती पनिका (उम्र 21 वर्ष) के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान निरंतर प्रयास कर 23 अक्टूबर को गुमशुदा युवती को दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। यह कार्रवाई भी एएसआई परशराम धनंजय एवं प्रधान आरक्षक संजय शाह द्वारा की गई। चौथा मामला गुम इंसान क्रमांक 48/25 दिनांक 16 सितंबर का है, जिसमें फरियादी जगदीश सिंह पेंद्राम पिता गया सिंह पेंद्राम निवासी ग्राम केकरिया द्वारा अपनी पुत्री गीता देवी (उम्र 20 वर्ष) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने पतासाजी के दौरान 23 अक्टूबर को युवती को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। इन सभी कार्यवाहियों का नेतृत्व नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी ने किया। अभियान में सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव, परशराम धनंजय एवं प्रधान आरक्षक संजय शाह की सक्रिय भूमिका रही। थाना अमरकंटक द्वारा यह विशेष गुमशुदा तलाश अभियान अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओपी राजेंद्र ग्राम नवीन तिवारी एवं जगन्नाथ सिंह मरकाम के दिशा-निर्देशन में चलाया गया। चारों गुमशुदा व्यक्तियों के परिजनों ने अपने परिजनों के सुरक्षित लौट आने पर अमरकंटक पुलिस के प्रति हर्ष एवं आभार व्यक्त किया तथा पुलिस प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता की प्रशंसा की।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर पुष्पराजगढ़ में सम्मेलन संपन्न

### स्वदेशी अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर 24 अक्टूबर को जिले के पुष्पराजगढ़ विधानसभा के राजेंद्रग्राम में सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश मंत्री राजेश पांडे शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने अपने उद्बोधन के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन में उपस्थित जन समूह तथा पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों को संबोधित किया और कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान यह एक नारा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है यह हमारे भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आवाहन है कि हम अपने देश में बने उत्पादों को अपनाए, अपनी संस्कृति को गले लगाए, और अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें।

### हर घर पहुंचाएं स्वदेशी का मंत्र

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और हमारी शक्ति है इस मंत्र को हर घर तक पहुंचाएं। हमारे देश के कारीगरों, हमारे किसानों, हमारे छोटे व्यापारियों, और हमारे उद्यमियों के प्रति एक सम्मान है औरअपने लोगों की मेहनत को सम्मान देते हैं अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं। भाजपा प्रदेश मंत्री कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेश पांडे ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय अब अपनी जड़ों को पहचान रहे हैं दुनिया में योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प ,परंपरागत उद्योग, यह सब आज वैश्विक पहचान बन चुका है जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो अपने देश की मिट्टी से जुड़ जाते हैं।

### वैक्सीन बनाकर भारत को बनाया आत्मनिर्भर

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में हमारे देश के वैज्ञानिकों ने भी स्वदेशी वैक्सीन बनाकर पूरी दुनिया को बता दिया कि भारत किसी पर निर्भर रहने वाला नहीं है हमारे देश के वैज्ञानिकों ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया और दुनिया को वैक्सीन बनाकर मानव जीवन की रक्षा की आज भाजपा सरकार स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया वोकल फार लोकल से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक का हर पहल लक्ष्य यही है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। सम्मेलन में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पांडे, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व विधायक सुदामा सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, श्याम नारायण शुक्ला जिला उपाध्यक्ष मदन त्रिपाठी जितेंद्र सोनी, जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी तथा भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी स्थानीय जनसमूह उपस्थित रहा उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

# नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ पूजा महापर्व प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



छठ पूजा 2025 नहाय-खाय के साथ शुरू हो चुका है। यह चार दिवसीय महापर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मड़फा तालाब में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पहला दिन, नहाय-खाय, शरीर और मन की शुद्धि का प्रतीक है। व्रती सुबह जल्दी उठकर नदी या तालाब में स्नान करते हैं और घर की सफाई करते हैं। सात्विक भोजन में चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी शामिल होती है, जिसे बिना लहसुन-प्याज और कम मसालों के पकाया जाता है।

### 'खरना' संयम और भक्ति का दिन

दूसरे दिन 26 अक्टूबर बुधवार को खरना के साथ सामतपुर मड़फा तालाब में दोपहर 12 बजे छठ मैया के पूजा ध्वज वंदन के साथ शुभारंभ किया जाएगा। खरना, संयम और धैर्य का प्रतीक है। व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं। सूर्यास्त के बाद छठी मइया की पूजा में गुड़ की खीर, रोटी और फल अर्पित किए जाते हैं। प्रसाद बनाने में मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी का उपयोग होता है। पूजा के बाद व्रती और परिवारजन प्रसाद ग्रहण करते हैं और 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत की शुरुआत होती है।

### डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य

तीसरे दिन 27 अक्टूबर को सूर्यास्त से पूर्व प्रथम अर्घ्य व्रती नदी या तालाब के किनारे डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। बांस की टोकरी में ठेकुआ, फल और अन्य प्रसाद सजाकर दूध और जल अर्पित किया जाता है। चौथे दिन 28 अक्टूबर को सूर्योदय के साथ द्वितीय अर्घ्य अर्पित कर छठी मैया की पूजा संपन्न की जाएगी। सुबह सूर्योदय के समय उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है और प्रसाद बांटा जाता है। यह आभार, नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। पूरा समुदाय घाटों को सजाता है और लिंग, जाति या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना शामिल होता है। छठ के गीत और परंपराएं इसे और जीवंत बनाते हैं।यह पर्व भक्ति, अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश देता है।

# सोन-तिपान संगम पर दक्षिण भारतीय राव परिवार ने किया नागल चौथ पूजा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर के पवित्र सोनदृतिपान संगम तट पर दक्षिण भारतीय राव परिवार द्वारा परंपरागत श्रद्धा और विधि-विधान से नागल चौथ पूजा का आयोजन किया गया। यह आध्यात्मिक पर्व स्त्रियों द्वारा अपने पति की दीर्घायु, संतान की सुरक्षा और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। प्रातःकाल राव परिवार की महिलाओं ने पवित्र जल में स्नान कर भगवान नागदेव और माता गौरी का पूजन-अर्चन किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्ज्वलन हुआ और दक्षिण भारतीय भक्ति गीतों से पूरा वातावरण धार्मिक उल्लास से भर उठा।

### श्रद्धा और एकता का प्रतीक आयोजन

नागल चौथ दक्षिण भारत में श्रद्धा से मनाया जाने वाला पर्व है। मान्यता है कि इस दिन नाग देवता की पूजा करने से राहुदृकेतु और कालसर्प दोष का निवारण होता है तथा परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है। विवाहित महिलाएं इस दिन उपवास रखती हैं और दूध व मिठाई अर्पित कर नाग देवता की आराधना करती हैं। कुछ स्थानों पर नागों की प्रतीकात्मक मूर्तियाँ स्थापित की जाती हैं या चींटियों के टीलों पर दूध चढ़ाया जाता है, जहाँ नाग देवता का वास माना जाता है। यह आयोजन सोन तिपान संगम के एतिहासिक और धार्मिक महत्व को भी उजागर करता है, जहाँ पर राव दक्षिण भारतीय परिवारों ने सहभागिता की।पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया तथा संगम तट पर सामूहिक दीपदान कर सभी ने क्षेत्र की शांति, समृद्धि और आपसी सद्भावना की प्रार्थना की।यह पर्व न केवल आस्था और अध्यात्म का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति, जीव-जगत और मानव के बीच संतुलन एवं एकता का संदेश भी देता है।

### कंपनी के नाम पर बदमाश उठा रहे फायदा पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

# जिले में फैला फाइनेंस कंपनी के मकड़जाल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

जिले में फाइनेंस कंपनी के नाम पर लोगों को जमकर लूटा जा रहा है। आएदिन लोग ठगा सा महसूस करते है। जिले के गांव गांव मे फायनेंस कंपनियों का मकड़जाल फैला हुआ है। लोगों को पैसा व वाहन या अन्य सामग्री फायनेंस कराकर दी जाती है। उसके एवज लोगों से मोटा ब्याज वसूला जाता है साथ ही फायनेंस कंपनियों के रिकव्हरी एजेंटों द्वारा लोगों को कई प्रकार से प्रताड़ति किया जाता है। कंपनी के एजेंट किसी भी शर्त पर मानने के लिए तैयार नही हो उन्हे तुरंत ही किस्त का भुगतान करने के लिए विवश किया जाता है नही तो सामग्री जब्त कर ली जाती है।

**नियमों को किया जाता है दरकिनार-** जिले में कई ऐसे मामले सामने आए जिसमें फाइनेंस कंपनी द्वारा ग्राहक को किस्त ना चुकाने को एक भी नोटिस नही दिया गया और सीधे उसकी संपत्ति पर अधिकार जमा लिया जाता है। जबकि नियमानुसार किसी फाइनेंस से लिए गए वाहन व अन्य सामग्री की किस्त का भुगतान ना होने पर कंपनी को नोटिस देना होता है और उसके बाद



प्रशासन के सहयोग वाहन या अन्य सामग्री की जब्ती की जानी चाहिए लेकिन जिले मे ऐसा यदाकदा ही कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। शेष कंपनी के मैनेजरों द्वारा ऐसा नही किया जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की जिले मे संचालित होने वाली सभी फाइनेंस कंपनियों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

**आटो डेबिट से बन रही परेशानी-** जिले में ग्रामीणों क्षेत्रों पर कंपनी द्वारा वाहन या अन्य सामग्री फाइनेंस कर दी जा रही है। फायनेंस कंपनी के कर्मचारियों को ग्राहक द्वारा सुविधा की दृष्टि से बैंक एकांउट के माध्यम से आटो डेबिट की सुविधा प्रदान की जाती है किन्तु फायनेंस कंपनी के कर्मचारियों की गलती के कारण आटो डेबिट सफल नही हो पाता है जिसके कारण हितग्राही व ग्राहक को डीलर व फायनेंस कंपनी कार्यालय जाकर नगद भुगतान कर किस्त चुकानी पड़ती है जिस पर भी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कई बार ग्राहकों को बिना रसीद दिए साधारण कागज या बुकलेट पर लिख दिया जाता है और जब ग्राहक की पूरी किस्त जमा हो जाती है तब एनओसी लेने ग्राहक जाता है तब उसे बताया जाता है कि उसकी किस्त बांकी है। ऐसा ही मामला गत दिवस सामने आया जिस पर पीड़ति ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**मामला इस प्रकार-** थाना क्षेत्र लखनादौन जिला सिवनी निवासी सोमनाथ अहिरवार ने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत की है। शिकायत पर आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर उनसे मारपीट की। उनकी बजाज प्लेटिना जबरन छीन ली। पीड़ति ने बताया कि यह घटना लगभग ढाई महीने पहले की है। वे अपने मित्र वीर सिंह कमलेशिया की बाइक लेकर दादा महाराज नरसिंहपुर दर्शन करने आए थे। तभी आरोपी सतीश चैधरी वहां आया और खुद को फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताते हुए वाहन जब्त करने की बात कही। सतीश ने सोमनाथ के साथ मारपीट और गाली-गलौज की, फिर बाइक छीनकर फरार हो गया। बाद में जब आवेदक ने फाइनेंस कंपनी और शोरूम से इस संबंध में जानकारी ली, तो पता चला कि वाहन की कोई जब्ती नहीं की गई थी। उसकी किस्तों का भुगतान नियमित रूप से हो रहा था। इस जानकारी के बाद सोमनाथ को संदेह हुआ कि आरोपी ने धोखे से और खुद को कंपनी का कर्मचारी बताकर वाहन हड़पा है। पीड़ति ने बताया कि कंपनी और शोरूम से जानकारी जुटाने में समय लगने के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई। उन्होंने अब एसपी से आरोपी की पहचान कर उस पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने और अपने मित्र का वाहन वापस दिलाने की मांग की है।



## 58वीं राज्य स्तरीय सीनियर ओपन खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय सीनियर ओपन खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ के दूसरे दिवस में स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रुद्रेश तिवारी, पूर्व विधायक सुनील जयसवाल सुनील कोठारी (अध्यक्ष, जिला खो-खो संघ), परितोष दुबे (सचिव, जिला खो-खो संघ), मनीष कटारे (जोनल सेक्रेटरी, मध्यप्रदेश वॉलीबॉल संघ), में उपस्थित रहे। सफल आयोजन में युवाओं का योगदान सत्र के सफल आयोजन में अंकित खत्री, प्रशांत खत्री, विवेक कहार, अंकित घोषी, अंकेश दुबे, आनंद पटेल, उषा शैलोकर, अंजिता वर्मा, संदीप तिवारी, शाकिर हुसैन, विजय सेन, रोहित विश्वकर्मा, शरद धुर्वे, विकास कहार, शूजल श्रीवास, अभिराज नामदेव और अनिकेत मेहरा का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा महिला मोर्चा का दीपावली मिलन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वाधान में दीपोत्सव व दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा वरिष्ठ नेत्री श्रीमती संध्या कोठारी अध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी श्रीमती अंजलि ने श्रीमती बबीता नेम के साथ-साथ अनेक मात्र शक्तियों उपस्थित सभी ने सर्वप्रथम दीप जलाकर लक्ष्मी की पूजा अर्चना की आरती का गायन किया तथा छोटे-छोटे बच्चों को मिष्ठान एवं पटाखों



का वितरण किया बच्चों को दिवाली क्यों मनाई जाती है इस संबंध में जानकारी दी गई उनसे संवाद किया गया सभी ने मिलकर खुशियां मनाएं बच्चों को स्वर का लोकल के संबंध में जानकारी दी गई और कहा गया कि कभी भी त्यौहार अपने क्षेत्र के लोगों द्वारा निर्मित वस्तुओं से ही मनाया जाना चाहिए जैसे की हमारे नगर के कलाकारों द्वारा निर्मित मिट्टी के दिए मूर्तियां आदि का उपयोग होना चाहिए फटाके पूरी सावधानी से चलना चाहिए और जहां तक हो सके कम से काम चलाना चाहिए इस तरह के अनेक विषयों पर बालकों के साथ संवाद किया गया अंत में सभी ने स्वल्पाहार कर कार्यक्रम का समापन किया।

## जमीन हड़पने व जातिगत अपमान का आरोप

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले के गाडरवाड़ा तहसील के भटेरा गांव में ममता जाटव ने छह ग्रामीणों पर जातिगत गालियां देने, जान से मारने की धमकी देने और शासकीय पट्टे की भूमि हड़पने का आरोप लगाया है। उन्होंने शनिवार को एसपी से शिकायत की है। ममता जाटव उम्र 40 वर्ष ने अपने आवेदन में बताया कि वह अनुसूचित जाति समुदाय से हैं। उन्हें और उनके पति को लगभग 20-25 वर्ष पहले शासकीय भूमि पट्टे पर मिली थी। वे इसी भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।



ममता के अनुसार, उनकी भूमि से सटी जमीन पर रहने वाले नवल बरौआ, पतरी बाई, रामकुमार बरौआ, दुर्जन बरौआ, छोटू बरौआ और अखिलेश बरौआ उन्हें आए दिन बिना किसी कारण गालियां देते हैं। वे जातिगत शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हैं। ममता ने आरोप लगाया कि आरोपी उनकी पट्टे वाली भूमि को हड़पना चाहते हैं और कई बार उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा चुके हैं। हाल ही में आरोपियों ने उनके पति संतोष जाटव को धमकी दी कि ष्तुम लोगों को अपने बीच खेती नहीं करने देंगे, अगर खेत में आए तो यहीं जिंदा दफना देंगे। पीड़िता ने बताया कि इन धमकियों के कारण उनका परिवार भयभीत है। उन्होंने नरसिंहपुर एसपी से कार्रवाई करने और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र सुआतला की बरमान चौकी क्षेत्र में युवक ने अपने घर में फांसी लगा ली। युवक ने अपनी मौत से पहले वीडियो बनाया था, जिसमें कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की गुहार लगाई थी। शनिवार को सामने आए वीडियो में मृतक युवक ने बताया कि कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। उसने अपने मोबाइल में कथित आरोपियों के नाम भी रिकॉर्ड किए थे और जिला कलेक्टर व पुलिस प्रशासन से उन पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। वीडियो बनाने के कुछ ही समय बाद युवक ने फांसी लगा ली। मृतक के पिता राजाराम ने बताया कि उनके बेटे के साथ मारपीट की गई थी, जिसकी बेइज्जती वह सहन नहीं कर पाया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर बरमान चौकी प्रभारी आशीष बोपचे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी प्रभारी आशीष बोपचे ने बताया कि गुरुवार रात बरमान सोसाइटी मोहल्ला निवासी भूरे साहू द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने पुलिस को युवक के मोबाइल में कुछ वीडियो होने की जानकारी दी है, जो अभी पुलिस के पास नहीं पहुंचे हैं। वीडियो मिलने के बाद उनकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि मारपीट की बात सामने आती है, तो उस आधार पर भी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो की सत्यता की पुष्टि की जा रही है।

## चाकू मार कर की प्रेमिका की हत्या

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के करेली थाना क्षेत्र के आमगांव बड़ा गांव में शुक्रवार रात एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक और युवती पिछले कुछ समय से लिव-इन में रह रहे थे। शुक्रवार रात उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर युवक ने युवती की हत्या कर दी। करेली थाना प्रभारी संधीर चैधरी ने बताया कि मृतका छाया कुशवाहा बसोंदा की उम्र करीब 26 साल है। एक बेटा एक बेटी के साथ आमगांवबड़ा में किराए के मकान में रहती थी। रोजाना मजदूरी कर अपना घर चलाती थी। बरहा छोटी का रहने वाला दिनेश लोधी 32 साल का है। शुक्रवार रात करीब 9 बजे उसने छाया पर चाकू से हमला किया। चीखने चिल्लाने कि आवाज सुनकर मकान मालिक शिवम दुबे ने फोन से पुलिस को बुलाया तो मृतिका का शव पड़ा हुआ मिला तथा आरोपी मौके से फरार हो गया।

## अभियान अपराजिता को लेकर किया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

पुलिस द्वारा जिले मे ऑपरेशन अपराजिता को लेकर स्कूल एवं कॉलेज परिसरों के आसपास असामाजिक शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सादे कपड़ों में पुलिस मित्रों की तैनाती कर जिलेभर में स्कूलों के आस-पास शरारती तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही जा चुकी है। स्कूलों के आस-पास घूमने वाले 48 शरारती तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बालिकाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीणा द्वारा जिले के प्रत्येक शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों और महाविद्यालयों के आसपास छात्राओं एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान अपराजिता चलाया जा रहा है। स्कूल-कॉलेज परिसरों के पास मंडराने वाले असामाजिक शरारती तत्वों पर रोक लगाना एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं छात्राओं के प्रति होने वाली किसी भी तरह की अभद्रता, छींटाकशी अथवा अनुचित व्यवहार को असमाजिक शरारती तत्वों को सबक सिखाना एवं छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

## शहर में पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए, जिससे आवागमन बाधित न हो कलेक्टर

**गोटेगांव नरसिंहपुर।** श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयकलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में शहर में पार्किंग व्यवस्था, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था में सुधार, ब्लैक स्पॉट, गति सीमा, यातायात नियमों का पालन, सड़क निर्माण कार्यों के दौरान डायवर्सन मार्ग के संकेत, जेब्रा क्रॉसिंग, ब्रेकर तथा डिवाइडर सहित सड़क जागरूकता अभियान आदि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, एसडीएम नरसिंहपुर श्री मणिन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि शहर में पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए, जिससे आवागमन बाधित न हो। सड़क मार्ग की नियमित रूप से मरम्मत करें। क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग को दुरूस्त करें और संभावित दुर्घटना स्थलों पर डिवाइडर लगाए जाए। बैंकों, अस्पताल, होटल और बड़ी दुकानों में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शहर को साफ- सुथरा रखें, कोई भी व्यक्ति कचरे को इधर- उधर न फेकें, चिन्हित स्थानों पर डस्टबिन रखा जाए। इसी प्रकार से शहर की दुकानों और मंडियों की व्यवस्थाओं को भी दुरूस्त रखा जाए। जिला मुख्यालय की सड़कों में घूमने वाले आवारा पशुओं को गौशालाओं में रखा जाए। पशुओं के सींगों में रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाया जाए, जिससे रात्रिकाल में वाहनों से पशुओं की दुर्घटना न हो सके। भारी वाहनों को शहर के अंदर अपने निर्धारित समय सीमा में ही प्रवेश करने की अनुमति दी जाए। निर्माणाधीन सड़क मार्ग में निर्माण कार्य का बोर्ड, बैरीकेट, रास्ता परिवर्तन संकेत इत्यादि



अनिवार्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए वाहन चालक संतुलित वेग में वाहन चलाए, स्पीड ब्रेकर का पालन करें, सड़कों के गड्ढों की मरम्मत की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्माण कार्य के दौरान सड़क डायवर्सन के स्पष्ट संकेतों को प्रदर्शित करना होगा, जिससे वाहन चालक प्रदर्शित संकेतों का पालन कर सके। उन्होंने निर्देशित किया कि हाईवे और गांव को जोड़ने वाली सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। सांकेतिक चिन्ह के बोर्ड सड़कों पर अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए सड़क मार्ग में स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रासिंग, डिवाइडर, निर्माण स्थल पर सांकेतिक मार्ग व चिन्ह, लाइट रिफलेक्शन बैरियर लगाना, सड़क मार्ग में प्रकाश का प्रबंध करना तथा अस्थाई पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि जिले के प्रमुख स्थलों जैसे बरमान मेला, झांसीघाट, बरमान खुर्द, ककराघाट इत्यादि स्थलों पर लगने वाले स्थायी या अस्थायी मेलों की सुरक्षात्मक व्यवस्था की जाएं। मेला स्थल में आवागमन, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा के प्रबंध सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त रखें। उन्होंने बैठक में राहवीर योजना एवं हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना, पीड़ति प्रतिकार योजना 2022 की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को राहवीर योजना से लाभांवित करने की कार्यवाही करे। पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने नदियों के घाटों में संचालित नाविकों का पंजीयन कराने को कहा। नाविकों के पास लाइफ जैकेट, रस्सी, टार्च इत्यादि होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि घाटों में नाव संचालित करने वाले नाविकों की जानकारी थाना प्रभारी अनिवार्य रूप से रखें।





### मतदाता सूचियों में नाम जुड़ने कटने से लेकर बूथ स्तर पर सजगता की जरूरत

## संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक संपन्न

**तेंदूखेड़ा**

विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान विस्तार हेतु महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल एजेंट बी एल ए 2 सेक्टर मंडलम के पदाधिकारियो का आवश्यक सम्मेलन पूर्व विधायक संजय शर्मा के नेतृत्व में लीला पेलैस राजमार्ग में आयोजित किया गया। जिसमे पहुंचे प्रदेश प्रभारी ललित सेन दीवान शैलेन्द्र सिंह पी पी सी सचिव ने संगठन को मजबूत बनाने मतदाता सूची में नाम जुड़ने कटने से लेकर एक व्यक्ति का नाम दो जगह ना जुड़ा हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। यदि नाम जुड़ा हुआ हो तो प्राथमिकता से कटवायें। वोट चोरी करके सत्ता पर काबिज होने वाली सरकारों को आने वाले समय में मुंह तोड़ जबाब देने से लेकर प्रदेश की किसान विरोधी जन विरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने छिंदवाड़ा में जहरीले कप सीरप जैसे विषयों को गंभीरता से रेखांकित किया गया।जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल तथा विधानसभा प्रभारी मनीष राय ने संगठन को मजबूत बनाने मिलकर काम करने कांग्रेस का परचम लहराने की दिशा में सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मिलकर आवाज उठाने आदिवासी हरिजनों किसानों पर हो रहे अत्याचारों को सड़कों पर उतर कर लड़ने की बात कही।इस मौके पर सभी BLA 2 सेक्टर मंडलम पदाधिकारी सभी ब्लाकों के अध्यक्ष प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। आभार प्रकट करते हुए पूर्व विधायक संजय शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए अपने चिर-परिचित अंदाज में स्पष्ट किया कि जब तक हम बूथ स्तर पर मजबूत होना होगा केबल सुने और मुंहजबानी पर काम नहीं चलेगा।बैठक का संचालन ओमप्रकाश पटेल अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी चाँवरपाठा ने किया ।इस मौके पर शोभा सिंघई प्रदीप रघुवंशी संतोष पटेल महेंद्र पटेल शोभरन ठाकुर मनीष भिंडवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ को लेकर हुआ भूमी पूजन एवं पात्र चयन

**तेंदूखेड़ा**

नगर में भगवान मुनिसुब्रतनाथ जी के नवीन मंदिर निर्माण एवं प्रतिष्ठा आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आगामी 9दिसंबर से 15 दिसंबर तक श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन को लेकर विगत दिवस कलश गार्डन परिसर में वेदी भूमि पूजन एवं पात्र चयन दिगम्बर जैन धर्म की परम्परा अनुसार पं सनत कुमार पं विनोद कुमार पं कमल कुमार शास्त्री जी के द्वारा विधी विधान से संपन्न कराया गया। पंचकल्याणक आयोजन समीति द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज



के चित्र का अनावरण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें सौधर्म इंद्र अंकित मोदी आरती मोदी कुबेर इंद्र अमिताभ मोदी अमिता मोदी महायज्ञ नायक अमित कोठारी दीपा कोठारी यज्ञ नायक आशीष सेठ माधुरी सेठ ,ईशान इंद्र शुभम जैन पाटन वाले सनित इंद्र अर्पित कुसमी वाले महेंद्र साकेत तेंदूडाबर बाहुबली प्रियंक जैन श्रीयांस राजा डा अखिलेश जैन राजा सोम अनुराग मोदी भरत चक्रवर्ती आयुश तेंदूडाबर का चयन बोली लगाकर हुआ है। गौरतलब रहे कि नगर के मंडी रोड पर मुनि सुब्रतनाथ जी का नवीन मंदिर निर्माण हुआ है। तथा प्रतिष्ठा हेतु विशाल प्रतिमा भी जयपुर से लाई गई है। मंदिर निर्माण की एक ट्रस्ट भी बनाई गई है।जिसकी देख रेख में यह कार्य संपादित हो रहा है। आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के द्वारा ही इस मंदिर की आधारशिला रखी गई थी।जो प्राण प्रतिष्ठा के साथ साकार होगी। संगीतमय ध्वनि हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में यह आयोजन संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप



### श्री देव मुरलीधर विद्यालय के छात्र एवम छात्राओं का राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन

**गोटेगांव नरसिंहपुर।** शिवपुरी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र दीपेंद्र पटेल पीयूष जैन एवं छात्राएं वैष्णवी चौकसे मैंकलसूता तिवारी कृतिका सोनी शिफा खान का चयन हुआ है यह सब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे ।। समस्त शाला परिवार एवं बाल शिक्षा समिति विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

### मारपीट की दो घटनाओं में मामला दर्ज

**गोटेगांव।** पुलिस थाना के अंतर्गत गोटेगाव नगर के नया बाजार में हनुमान मंदिर के पास राहुल चौधरी निवासी पटेल वार्ड ने किसी बात पर से वाद विवाद करके जितू सिलावट किसानी मोहल्ला निवासी को गालियां देते हुए पत्थर मार दिया। पुलिस ने युवक की रिपोर्ट होने पर धारा 296, 115 के तहत मामला कायम किया है।दूसरा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में दशरथ मल्लाह को गालियां देते हुए एक ग्रामीण ने लाठी से प्रहार करके चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट होने पर पुलिस ने धारा 296, 115, 118, 351के तहत हल्ले भाई मल्लाह पर मामला दर्ज किया है।

### जिन्होंने लगाया और जो लगाकर बैठे सब पछता रहे

**तेंदूखेड़ा।** मानसून की दस्तक समय पर हो जाने से अधिकांश खेतों में समय से खरीफ मौसम का सोयाबीन मक्का अरहर और धान फसल नहीं लग पाई थी।बोनी की तैयारी करके बैठे किसान बरसात के चलते हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। लेकिन जिन किसानों ने पूर्व में ही फसल लगा रखी थी वे अपने आप में पीठ थपथपा रहे थे। लेकिन समय से पहले भाग्य से अधिक किसी को नहीं मिलता वाली कहावत चरितार्थ हो गई।जिन किसानों ने सोयाबीन मक्का की फसल लगा रखी थी।उनकी फसल अधिकांश अधिक वारिस के कारण खराब हो गई यहां तक की सोयाबीन तो खराब ही हो गया शेष बचाखुचा कहीं एक एकड़ में एक बोरा या डेढ़ बोरा ही निकल रहा है।रेट भी नहीं मिल रहें हैं।यही स्थिति मक्का फसल की बनीं हुई है।जैसे तैसे फसल आ ही गई है तो भाव नहीं मिल पा रहे हैं।1100 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल के भाव मक्का बिक रहा है। चूंकि मंडी में तो अभी तक नहीं पहुंचा लेकिन कुछ व्यापारियों द्वारा अपने भाव से ही खरीदा जा रहा है। जबकि सरकार ने उसकी एम एस पी 2400 प्रति क्विंटल निर्धारित कर रखी है।यही हाल सोयाबीन का बना हुआ है। सोयाबीन 4 हजार से ज्यादा रुपए में बिक नहीं रहा और एम एस पी 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। यदि सरकार भावों की तरफ ध्यान नहीं देगी तो मजबूर और जरुरतों को पूरा करने वाले किसान फिर बर्बाद हो जायेंगे। पिछली बार की अपेक्षा मक्का फसल का रकबा अधिक बढ़ा था लेकिन भाव ने किसानों की आशाओं पर पानी फेर दिया है।धान की फसल भी उम्मीद से कहीं ज्यादा आशाओं पर खरी उतरती नजर नहीं आ रही है।पिछले खरीफ सीजन का ठगे किसानों ने इस बार धान के प्रति कम ही रुचि दिखाई थी।